टीकाकरण कराने निगम प्रशासन की उत्तम व्यवस्था, वाहनों के माध्यम से बुजुर्गों को पहुंचाया जा रहा है

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कोरोना का टीकाकरण लगवाने के लिए सीनियर सिटीजन को वाहनों के माध्यम से टीकाकरण केंद्र तक पहुंचाने का कार्य निगम प्रशासन कर रही है! 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को उनके घरों से संपर्क करते हुए वाहनों के माध्यम से टीकाकरण केंद्र पहुंचाकर टीका लगवाया गया! इसके लिए निगम प्रशासन ने सभी जोन क्षेत्रों में वाहनों की व्यवस्था की है! जो साधनों के अभाव में टीकाकरण स्थल तक नहीं पहुंच पाते हैं उनके लिए यह बेहद कारगर साबित हो रहा है! आज निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया! कुछ स्थानों पर उन्होंने व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए! उन्होंने कहा कि भिलाई क्षेत्र के सभी 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण करवाने में तथा उनको टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने में सहायता प्रदान करें! सीनियर सिटीजन से संपर्क करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को इसकी जिम्मेदारी दी गई है! तथा इसकी मॉनिटरिंग के लिए निगम के अधिकारियों को भी लगाया गया है! जो घर-घर पहुंच कर इनसे संपर्क करते हुए टीकाकरण केंद्रों तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं! कोरोना का टीका बहुत सुरक्षित है! प्रथम डोज लगने के बाद द्वितीय डोज निर्धारित अवधि में अवश्य लगाना चाहिए! निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त प्रीति सिंह, सुनील अग्रहरी एवं अमिताभ शर्मा मौजूद रहे! स्ट्रीट वेंडर्स की हो रही है कोरोना जांच आज स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिए पावर हाउस स्थित लाल मैदान के पास कैंप लगाया गया था जहां 73 स्ट्रीट वेंडर का कोविड टेस्ट किया गया! निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने सभी स्ट्रीट वेंडर्स का कोविड टेस्ट कैंप लगाकर करवाने के निर्देश दिए हैं! नंदनी रोड एवं पावर हाउस के पास बहुत से स्ट्रीट वेंडर होने के कारण पास के ही मैदान का चयन कोविड जांच के लिए किया गया था! इन केंद्रों में लगवाया गया कोरोना का वैक्सीनेशन निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज कोसानगर , खमरिया, कोहका, स्मृति नगर, लक्ष्मी नगर सुपेला, बैकुंठ धाम, आस्था कार्यालय सेक्टर 02, श्री राम चौक, खुर्सीपार एवं छावनी सहित अन्य टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया!

इन केंद्रों में लगवा सकते हैं कोरोना का टीका श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साईसेंस जुनवानी भिलाई , सीएम मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल कचान्दूर भिलाई , चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल नेहरू नगर भिलाई , स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल रामनगर सुपेला भिलाई , भिलाई गायत्री हॉस्पिटल प्रियदर्शनी परिसर सुपेला भिलाई, वैशाली सर्जिकल सेंटर नेहरू नगर भिलाई, सिन्हा नर्सिंग होम सुपेला भिलाई , एसएस हॉस्पिटल नंदिनी रोड पावर हाउस भिलाई , आईएमआई हॉस्पिटल शिवाजी नगर खुर्सीपार भिलाई! शासकीय हॉस्पिटल कोविड वैक्सीनेशन -

पं. जवाहर लाल नेहरू सेक्टर 09 हाॅस्पिटल भिलाई, लाल बहादूर शास्त्री हाॅस्पिटल सुपेला भिलाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोहका भिलाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वैशालीनगर भिलाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जुनवानी भिलाई, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छावनी भिलाई, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बापूनगर भिलाई, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैकुंठधाम भिलाई, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोसानगर भिलाई, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छावनी भिलाई, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खुर्सीपार भिलाई!